छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

पशु पालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य एवं मुर्गी पालन

कक्षा XII वीं

(विद्योचित इकाई)

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

vke|[k

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 में जिन चिन्ताओं का उल्लेख किया गया है उसके तारतम्य में प्रदेश के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के संबंध में विचार करने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल प्रयत्नशील है, ताकि शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति हो सके एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

परीक्षाओं के समय विद्यार्थियों के मन में चिन्ता एवं भय उत्पन्न होता है कि परीक्षा कैसी होगी? परीक्षा में किस प्रकार प्रश्न पूछे जायेंगे? कौन सा प्रश्न परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं? इस हेतु विगत वर्षों में मण्डल प्रयासरत रहा है। विषयवार मॉडल प्रश्न पत्र को अब छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में भेजने के साथ–साथ उन्हें मण्डल के वेबसाइट में लोड किया जायेगा। परीक्षा के भय एवं तनाव से मुक्त रखने के लिए मण्डल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों के लिए विषयवार कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रश्न बैंक तैयार किया गया है। प्रश्न बैंक में परम्परागत प्रश्नों के अतिरिक्त नवीन प्रश्नों का समावेश किया गया है। प्रश्न बैंक इकाईवार एवं मण्डल की परीक्षा योजना के अनुसार तैयार किया गया है जिससे अच्छे अंक प्राप्त करने के साथ–साथ परीक्षार्थियों में विषय के प्रति रूचि उत्पन्न होगी।

प्रश्न बैंक के अभाव में शिक्षकों, प्राश्निकों और विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक के अन्त में दिये गए परम्परागत प्रश्नों पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे विषय का मूल्यांकन व्यक्तिपरक (Subjective) हो जाता है तथा विभिन्न शैक्षणिक उद्देश्यों के आधार पर मूल्यांकन नहीं होता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मण्डल ने हाईस्कूल (9वीं, 10वीं) तथा हायर सेकेण्डरी (11वीं, 12वीं) के सभी विषय के प्रश्न बैंक का निर्माण किया है। इस प्रश्न बैंक से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में नित नवीन प्रश्नों के निर्माण की अभिरूचि उत्पन्न होगी।

प्रश्न बैंक में विषय की उपलब्ध शैक्षिक सामग्री को शामिल किया गया है। इसमें नवीन मौलिक प्रश्नों को, विषय वस्तु, शिक्षण के उद्देश्य, कठिनाई स्तर और अंकन की गुणवत्ता के अनुसार सुसंगठित करके रखा गया है। प्रश्न बैंक में मण्डल की परीक्षा योजना के अनुसार अतिलघुउत्तरीय, लघुउत्तरीय एवं दीर्घउत्तरीय प्रश्नों का समावेश किया गया है। प्रतियोगी परीक्षा के लिए अभ्यास हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का भी समावेश प्रश्न बैंक में किया गया है। जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यास में सहायता मिलेगी। प्रतिदिन, प्रति सप्ताह, प्रतिमाह और प्रतिवर्ष नवीन प्रश्नों के बारे में विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राश्निकों, परीक्षकों और सामान्य जन से विषयवार मण्डल नवीन प्रश्नों को आमंत्रित किया जावेगा। आपके द्वारा प्रेषित विषयवार नवीन प्रश्नों को जोड़कर प्रतिवर्ष प्रश्न बैंक का संशोधन मण्डल द्वारा किया जावेगा, जिससे प्रश्न बैंक अधिक परिपूर्ण और आधुनिकतम होते रहें।

मुझे आशा है कि मण्डल द्वारा जारी प्रश्नबैंक विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राश्निकों एवं परीक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

शुभकामनाओं सहित...

¼t- fet½
vkbZ-,-,l-
lfpo
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

इकाई – 01

पशु आहार एवं पोषण, चारों का संरक्षण एवं वर्गीकरण

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

प्रश्न 1– वसा में घुलनशील दो विटामिनों के नाम लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 2– वर्धक आहार को परिभाषित करें । (K.VSA)

प्रश्न 3– विटामिन A व D युक्त पशु खाद्य पदार्थो के नाम दीजिये । (K.VSA)

प्रश्न 4– बेफलीदार चारे क्या हैं ? उदाहरण देकर समझाईये । (U.VSA)

प्रश्न 5– प्रोटीन युक्त व कार्बोहाइड्रट युक्त चारे के दो उदाहरण दीजिये । (U.VSA)

प्रश्न 6– पशुओं के शरीर भार के अनुसार नमक की मात्रा लिखिये । (S.VSA)

प्रश्न 7– सूखे चारे के दो महत्व लिखें । (S.VSA)

प्रश्न 8– अच्छी साइलेज का pH मान क्या होना चाहिए ? समझाइये । (S.VSA)

प्रश्न 9– बरसीम की दो संकर जातियों के नाम लिखे । (K.VSA)

प्रश्न 10– मोटे चारे के रूप में सर्वाधिक प्रचलित दो चारों के नाम दीजिये । (K.VSA)

प्रश्न 11– संतुलित आहार की परिभाषा लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 12– आदर्श आहार को परिभाषित कीजिए । (K.VSA)

प्रश्न 13– वर्धक आहार से क्या तात्पर्य है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 14– आदर्श आहार की कोई दो विशेषताएं लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 15– अधिक प्रोटीन युक्त चारों के उदाहरण लिखिए । (कोई चार) (U.VSA)

प्रश्न 16– पशु के शरीर में भोजन के कार्य सारांश में लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 17– एक दुधारू गाय को आप किस प्रकार का आहार देंगे ? लिखिए। (A.VSA)

प्रश्न 18– कृषि कार्य करने वाले बैल को आदर्श आहार देना उचित है ? जांच कर लिखिए। (S.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 3)

प्रश्न 1– स्वायलिंग क्या है ? स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 2– ज्वार की बीजदर, उपज व कटाई लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 3– पशुओं को दिये जाने वाले किन्हीं तीन खनिज पदार्थो की उपयोगिता सिद्ध कीजिए। (U.SA)

प्रश्न 4— अनाज के तीन उपजातों को वर्णित करें जिनकी पशु आहार में उपयोगिता हो । (A.SA)

प्रश्न 5— कार्बोहाइड्रेटस का पशुपोषण में महत्व सिद्ध कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 6— एक वर्षीय चारे की फसल का फसल चक्र तैयार कीजिए । (S.SA)

प्रश्न 7— साइलेज निर्माण में होने वाले रसायनिक परिवर्तनों को समझाईये । (S.SA)

प्रश्न 9— पशु के शरीर में कार्बोहाइड्रेट के कोई तीन प्रमुख कार्य लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 10— ग्याभिन गाय के लिए संतुलित आहार की मात्रा लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 11— निर्वाह आहार का महत्व लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 12— पशु आहार में मोटे चारे की क्या उपयोगिता है ? स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 13— मोटे चारे, कौन से चारे कहलाते हैं ? उदाहरण देकर समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 14— दाने तथा दाने के उपजात में अंतर स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 15— एक 400 कि.ग्रा. शरीर भार वाली गाय जो प्रतिदिन 5 लीटर दूध देती है, के लिए दाने एवं शुष्क पदार्थ की मात्रा ज्ञात कीजिए । (A.SA)

प्रश्न 16— एक 500 कि.ग्रा. शरीर भार वाली साहीवाल गाय जो तीन माह से ग्याभिन है तथा 6 लीटर दूध प्रतिदिन दे रही है, के लिए एक दिन के लिए चारे एवं दाने की मात्रा ज्ञात कीजिए । (S.SA)

<u>लघु उत्तरीय प्रश्न</u> (4 अंक)

प्रश्न 17— पशुओं में विटामिन्स के कार्य लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 18— आदर्श आहार की कोई चार विशेषताएं लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 19— पशुओं के शरीर में खनिज के प्रमुख कार्य लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 20— पशुओं के आहार का वर्गीकरण कर प्रत्येक का एक उदाहरण लिखिए। (U.SA)

प्रश्न 21— पशु पोषण में दाने के महत्व को समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 22— आप कृषि कार्य करने वाले बैल को किस प्रकार से आहार देंगे । स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 23— दुधारू गाय के दूध उत्पादन एवं उसे दिए जाने वाले आहार में संबंध स्पष्ट कीजिए। (A/S.SA)

प्रश्न 24— आप एक पशुपालक हैं, दाना महँगा होने के कारण आप दाने के स्थान पर कौन से खाद्य पदार्थो का उपयोग करेंगे ? मौलिक योजना लिखिए । (A.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (5 अंक)

प्रश्न 1— पशु चारे को वर्गीकृत करिये । (U.LA)

प्रश्न 2— पशु आहार के सिद्धांतों का अधिक दुग्ध उत्पादन से संबंध स्थापित कीजिए। (U.LA)

प्रश्न 3— विभिन्न खाद्य पदार्थों में शुष्क पदार्थ की मात्रा एवं उपलब्ध होने के माह का विवरण एक तालिका बनाकर प्रदर्शित कीजिए । (S.LA)

प्रश्न 4— पशुओं को आहार देने के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए । (K.LA)

प्रश्न 5— पशुओं के शरीर में पानी के कार्य लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 6— पशुओं के शारीरिक विकास एवं वृद्धि के लिए वसा का महत्व एवं कार्य लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 7— पशुओं के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थो का वर्गीकरण कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 8— कोई पाँच फलीदार हरे चारों के नाम लिखकर उनमें पाच्य प्रोटीन एवं टी.डी.एन. की मात्रा लिखिए । (U.LA)

प्रश्न 9— मोटे चारे का अर्थ स्पष्ट करते हुए पशु आहार में इन चारों का महत्व समझाइये । (U.LA)

प्रश्न 10— एक गाय का भार 450 कि.ग्रा. है, तथा वह 10 लीटर दूध प्रतिदिन देती है । मई माह के एक दिन का उस गाय के लिए सन्तुलित आहार ज्ञात कीजिए । (A.LA)

प्रश्न 1— आप एक लघु डेयरी के प्रबंधक हैं, जहाँ पर 10 दुधारू गायों को रखा गया है । इन गायों के लिए आहार प्रबंध की एक योजना बनाइये । (S.LA)

——00——

इकाई – 02

पशु चिकित्सा, पशुरोग की जाँच, नस्ले एवं प्रबंध

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)

प्रश्न 1– पशु चिकित्सा में गंधक की उपयोगिता के दो उदाहरण दीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 2– दो एंटी बायोटिक व दो एंटीसेप्टिक दवाओं के नाम लिखे । (K.VSA)

प्रश्न 3– रेचक क्या हैं ? संक्षेप में समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 4– पशुओं में टीकाकरण का महत्व स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 5– गलघोटू रोग में उपयोगी वैक्सीन का नाम लिखें । (K.VSA)

प्रश्न 6– अरंडी के तेल का पशुरोग में महत्व है एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।(U.VSA)

प्रश्न 7– डोंपिग मशीन किस काम आती है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 8– नाड़ी गति को प्रभावित करने वाले दो कारकों के केवल नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 9– मिट्टी द्वारा फैलने वाले दो रोगों के उदाहरण दीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 10– महामारी रोग क्या है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 11– नौसादर के दो उपयोग लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 12– ट्रोकार एवं कैनुला का पशु चिकित्सा में क्या लाभ है ? (K.VSA)

प्रश्न 13– बार्डिजो कैस्ट्रेटर का क्या कार्य है ? (K.VSA)

प्रश्न 14– स्वस्थ गाय की नाड़ी गति एवं तापक्रम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 15– विषाणु जनित चार रोगों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 16– थनैला रोग की चिकित्सा के लिए दो पेटेन्ट औषधियों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 17– एन्थ्रैक्स रोग से मरे हुए पशु का शव विच्छेदन क्यों नहीं करते हैं ? (U.VSA)

प्रश्न 18– देशी गाय तथा विदेशी गायों में निम्न बिन्दुओं पर तुलना कीजिए ।

(i) गलकम्बल, (ii) दूध में वसा (U.VSA)

प्रश्न 19– गाय एवं भैस में अन्तर लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 20– एक भैंस के सींग में 7 छल्ले हैं तो उसकी उम्र क्या होगी ? (U.VSA)

प्रश्न 21– पशुओं में विद्युत सींग रोधन कैसे किया जाता है ? (U.VSA)

प्रश्न 22– पशु की लम्बाई 120 से.मी. है और उसके घेरे (परिधि) की लम्बाई 150 से.मी. है तो कुल भार बताइए । (A.VSA)

प्रश्न 23– तारपीन तेल का उपयोग पशु चिकित्सा में कैसे करेंगे ? (A.VSA)

प्रश्न 24– एक गाय के मुँह में चार स्थायी दंत है । आप बताइए कि गाय की उम्र क्या होगी? (A.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक)

प्रश्न 1– बीमार पशुओं को दवा देने के विभिन्न तरीके समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 2– कैथेटर, बुलनोज, स्पेचुला के प्रमुख कार्य को लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 3– साहीवाल नस्ल की जन्म स्थली एवं तीन मुख्य लक्षण लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 4– संक्रामक रोग क्या है ? उचित उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 5– तारपीन का तेल अलसी का तेल एवं यूकेलिप्टस के तेल का पशु चिकित्सा में एक–एक व्यवहारिक उपयोग बताईये जिन्हें आप जानते हैं । (A.SA)

प्रश्न 6– डेन्टल पैड क्या है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 7– स्कोर बोर्ड की चार विशेषताएं लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 8– निम्न औषधियों के उपयोग लिखिए –

(i) बोरिक एसिड, (ii) नीला थोथा, (iii) फिटकरी (K.SA)

प्रश्न 9– कुचला के तीन उपयोग लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 10– भैंस की तराई नस्ल की विशेषताएं लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 11– आदर्श पशुशाला की विशेषताएँ लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 12– खीस के गुण लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 13– बछड़ों को बधिया करने के उद्देश्य बताइए । (K.SA)

प्रश्न 14– भदावरी एवं मुर्रा भैंस में अंतर लिखिए । (U.SA)

प्रश्न 15– पशु रोगों का वर्गीकरण कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 16– पशुओं को भाप द्वारा दवा कैसे दी जाती है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 17— पशुओं का चयन करते समय किन—किन बातों पर ध्यान देना चाहिए । (U.SA)

प्रश्न 18— गाय के किस अंग पर सबसे अधिक अंक निर्धारित होते है ? और क्यों ?(U.SA)

प्रश्न 19— गर्म दाग लगाकर चिन्हित करने में कौन—कौन सी सावधानियॉ रखनी चाहिए । (A.SA)

प्रश्न 20— खुरपका—मुँहपका रोग की पहचान आप कैसे करेंगे ? (A.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न 1— लंगड़ी रोग के चार लक्षण लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 2— थनैला रोग में काम आने वाले उपकरणों के नाम एवं कार्य लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 3— ग्याभिन गाय की पहचान बताइए । (K.SA)

प्रश्न 4— प्रजनन द्वारा सींगरोधन की विधि समझाइए । (U.SA)

प्रश्न 5— एक कतार वाली पशुशाला के गुण दोष समझाइए । (U.SA)

प्रश्न 6— भारत में संकर प्रजनन कार्य से दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है । इस पर अपने विचार लिखिए । (A.SA)

प्रश्न 7— गाय का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए । (S.SA)

प्रश्न 8— योनिवीक्षण एवं बार्डिजो कैस्ट्रेटर यंत्र का स्वच्छ चित्र बनाइए । (S.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (5 अंक)

प्रश्न 1— खुरपका—मुहपका रोग के समस्त लक्षण, लिखिये तथा रोग कारक का विवरण दीजिए । (K.LA)

प्रश्न 2— नाड़ी गति को प्रभावित करने वाले समस्त कारकों को समझाइये । (U.LA)

प्रश्न 3— पशुओं के शरीर के वाह्य अंगों पर औषधी का प्रयोग किया जाता है । आप किन पाँच विधियों का प्रयोग करेंगे और कैसे ? प्रत्येक विधि की प्रक्रिया लिखिए । (A/S.LA)

प्रश्न 4— संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (K.LA)

(1) बुल मास्क, (2) ड्रेंचिंग बाटल (3) बुल्नोज पंच

(4) बुल होल्डर (5) बर्डिजो कास्ट्रेटर

प्रश्न 5– गलघोटू रोग के पाँच लक्षण एवं रोग से बचने के पाँच उपाय लिखिऐ । (K.LA)

प्रश्न 6– भदावरी भैंस का मूल स्थान, कोई दो लक्षण व उत्पादन क्षमता का सविस्तार वर्णन कीजिए । (K.LA)

प्रश्न 7– पशु को गिराकर वश में करने के पाँच उद्देश्य लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 8– निम्न पदार्थो का पशु चिकित्सा में उपयोग लिखिए – (U.LA)

(i) सुहागा (ii) तारपीन का तेल, (iii) कत्था

(iv) सल्फर (v) सौंठ

प्रश्न 9– एक अच्छे पशुपालक होने के नाते प्रसव काल एवं प्रसवकाल के पूर्व किन लक्षणों का ज्ञान होना चाहिए ? (U.LA)

प्रश्न 10– बधिया करने की ग्रामीण एवं वैज्ञानिक विधियों की तुलनात्मक विवेचना कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 11– वंशावली के आधार पर उत्तम पशुओं का चयन आप कैसे करेंगे । (A.LA)

प्रश्न 12– विषज्वर को निम्न बिन्दुओं में वर्णन कीजिए – (K.LA)

(i) रोग का कारक, (ii) रोग प्रकट होने का समय,

(iii) रोग फैलने की विधि (iv) रोग के लक्षण

(v) रोकथाम के उपाय (कोई दो)

––00––

इकाई – 03

प्रमुख डेयरी उपकरण

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

प्रश्न 1– लेड सील पिन्सर का क्या कार्य है ? (U.VSA)

प्रश्न 2– लेक्टोमीटर द्वारा दूध का आपेक्षित घनत्व निकालने का सूत्र दीजिये । (U.VSA)

प्रश्न 3– बेक्रिंग वाटर क्या है ? (U.VSA)

प्रश्न 4– क्रीम सेपेरेटर से दूध निकालने के लिये ताप कितना होना चाहिए । (U.VSA)

प्रश्न 5– गर्बर विधि द्वारा वसा परिक्षण में 11C.C. दूध का ही उपयोग क्यों करते हैं ? (A.VSA)

प्रश्न 6– क्रीमरी में लकड़ी के बर्तन ही क्यों उपयोग करते हैं ? (A.VSA)

प्रश्न 7– क्रीम सेपेरेटर द्वारा मक्खनिया दूध में कितने प्रतिशत मक्खन छोड़ा जाता है ? (U.VSA)

प्रश्न 8– क्रीम सेपेरेटर के विभिन्न भागों के नाम लिखें । (K.VSA)

प्रश्न 9– सेन्ट्रीफ्यूगल मशीन का क्या उपयोग है ? (U.VSA)

प्रश्न 10– किन्ही चार डेयरी उपकरणों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 11– लेक्टोमीटर से क्या ज्ञात किया जाता है ? (K.VSA)

प्रश्न 12– ब्यूटायरोमीटर से गर्बर विधि द्वारा क्या ज्ञात करते हैं ? (K.VSA)

प्रश्न 13– गर्बर विधि में 1c.c. एवं 11 c.c. पिपेट्स द्वारा किन द्रव्यों की निर्धारित मात्रा लेकर ब्यूटायरोमीटर में रखी जाती है ? स्पष्ट कीजिए (U.VSA)

प्रश्न 14– क्रीम सेपरेटर का डेयरी में एक प्रमुख उपयोग लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 15– लैक्टोमीटर तथा ब्यूटायरोमीटर में किन्ही दो बिन्दुओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 16– दिये गये दूध के न्यादर्श का आपेक्षिक घनत्व तथा दूध में वसा की प्रतिशत मात्रा ज्ञात करने के लिए आप किन उपकरणों का चुनाव करेंगे और क्यों ? संक्षेप में समझाईये । (U.VSA)

प्रश्न 17– क्रीम सेपरेटर के व्यवहारिक उपयोग को उदाहरण सहित समझाईये । (A.VSA)

प्रश्न 18– बनाने की प्रक्रिया के आधार पर निम्नांकित को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए –

दही, दूध, घी, मक्खन (U.VSA)

प्रश्न 19— लैक्टोमीटर का एक स्वच्छ एवं नामांकित रेखाचित्र खीचिए । (S.VSA)

प्रश्न 20— दुग्ध ब्यूटायरोमीटर का एक स्वच्छ एवं नामांकित रेखाचित्र खिचिए । (S.VSA)

प्रश्न 21— उपभोक्ता के रूप में हमारे दैनिक जीवन में किस डेयरी उपकरण की उपयोगिता अधिक है ? (A.VSA)

प्रश्न 22— क्रीम सेपरेटर द्वारा प्राप्त क्रीम गाढ़ी निकल रही है । पतली क्रीम प्राप्त करने के लिये किस विशिष्ट अंग का समायोजन करना होगा ? उस अंग का नाम लिखिए एवं क्रीमसेपरेटर में उसकी स्थिति बताईये । (S.VSA)

प्रश्न 23— सेन्ट्रीफ्यूगल मशीन का डेयरी उपकरणों में क्या उपयोग है ? किन्हीं दो उपयोग का उल्लेख कीजिए । (A.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 3)

प्रश्न 1— लेक्टोमीटर में ताप मान का समंजन कैसे करते हैं ? (A.SA)

प्रश्न 2— लेक्टोमीटर की सरंचना का वर्णन करें । (K.SA)

प्रश्न 3— क्रीम पृथक्करण का सिद्धांत लिखें । (K.SA)

प्रश्न 4— क्रीम सेपेरेटर के उपयोग में रखी जाने वाली चार सावधानियां लिखें । (K.SA)

प्रश्न 5— क्रीम सेपेरेटर का नामांकित चित्र बनाइये । (S.SA)

प्रश्न 7— चर्न के प्रकार लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 8— गर्बर विधि में प्रयुक्त किन्हीं तीन प्रमुख उपकरणों के नामांकित रेखाचित्र खीचिए । (S.SA)

प्रश्न 9— क्रीम सेपरेटर का एक स्वच्छ रेखाचित्र खींच कर किन्ही 4 प्रमुख अंगों को नामांकित कीजिए । (S.SA)

प्रश्न 10— क्रीम सेपरेटर के किन्हीं छः अंगों के नामों का उल्लेख कीजिए । (K.SA)

प्रश्न 11— लैक्टोमीटर द्वारा दूध के आपेक्षिक घनत्व ज्ञात करने का पूर्ण सूत्र लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 12— उच्चत्तम गुणवत्तायुक्त वांछित मानक की क्रीम प्राप्त करने हेतु क्रीमसेपरेटर के प्रयोग में रखी जाने वाली तीन प्रमुख सावधानियों को स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 13— दूध का आपेक्षिक घनत्व जिस उपकरण द्वारा ज्ञात किया जाता है उसका नाम बताईये तथा उसके कार्य करने का सिद्धान्त समझाईये । (U.SA)

प्रश्न 14— एक उदाहरण द्वारा दूध का आपेक्षिक ज्ञात करने की विधि को प्रदर्शित कीजिए ।

(U/S.SA)

प्रश्न 15– गर्बर विधि द्वारा वसा परीक्षण करते समय लिये जाने वाले दूध, एमाईल, अल्कोहल तथा सल्फ्यूरिक अम्ल की सही मात्रा लिख कर ब्यूटायरोमीटर में उन्हें डालने का क्रम बताईये । (U.SA)

प्रश्न 16– उपयुक्त उपकरण एवं ज्ञात की जाने वाली भौतिक राशि का उल्लेख करते हुये समझाईये की दूध की शुद्धता कैसे ज्ञात करेंगे । (U.SA)

प्रश्न 17– यदि दिया गया दूध का न्यादर्श गाय का है, लैक्टोमीटर की प्रेक्षित रीडिंग (OLR) 25 है तथा दूध का तापक्रम 65^0F है, तो आवश्यक गणना करते हुये दूध की शुद्धता अथवा अशुद्धता ज्ञात कीजिए । (S.SA)

प्रश्न 18– दूध के परीक्षण हेतु आपको दूध का एक न्यादर्श दिया गया है । गर्बर विधि से दूध का परीक्षण करने हेतु प्रयुक्त आवश्यक उपकरणों एवं सहायक सामग्री का उल्लेख करते हुये परीक्षण विधि का अति संक्षिप्त प्रदर्शन कीजिए । (S.SA)

प्रश्न 19– क्रीम सेपरेटर द्वारा तैयार क्रीम निर्धारित मानक से गाढ़ी प्राप्त हो रही है । उचित मानक की पतली क्रीम प्राप्त करने हेतु आप कौन से प्रमुख तीन दोषों को दूर करेंगे।

(A.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 4)

प्रश्न 1– डेयरी उपकरणों के व्यवहारिक उपयोग को सिद्ध करने के लिए लैक्टोमीटर, ब्यूटायरोमीटर एवं क्रीमसेपरेटर के उदाहरण द्वारा इनकी उपयोगिता सिद्ध कीजिए एवं किसी एक उपकरण का उल्लेख कीजिए जिसके बिना मानकीकृत दूध नहीं तैयार किया जा सकता है । (A.SA)

प्रश्न 2– दूध के आपेक्षिक घनत्व एवं दूध की शुद्धता में संबंध स्थापित करते हुये एक उदाहरण की सहायता से गाय के दूध की शुद्धता ज्ञात करने की विधि समझाईये।

(S.SA)

प्रश्न 3– क्रीम सेपरेटर का एक स्वच्छ नामांकित रेखाचित्र खीचिए । (S.SA)

प्रश्न 4– गर्बर विधि से दूध की वसा के परीक्षण में प्रयुक्त किन्हीं 4 आवश्यक उपकरणों के नामांकित रेखाचित्र खींचिए । (S.SA)

प्रश्न 5– डेयरी उपकरण धोने के किन्हीं चार सिद्धान्तों को विस्तार से समझाईये । (U.SA)

प्रश्न 6– डेयरी उपकरणों की देखभाल एवं रखरखाव हेतु ध्यान में रखने योग्य आवश्यक चार बातें विस्तार से समझाईये । (U.SA)

प्रश्न 7– दुग्ध दोहन से दुग्ध वितरण तक प्रयुक्त होने वाले किन्हीं आठ डेयरी उपकरणों के नाम लिखिए एवं उनकी उपयोगिता का विवरण दीजिए । (A.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1— गर्बर विधि द्वारा वसा परीक्षण को विस्तार से समझाइये । (K.LA)

प्रश्न 2— एक दूध सैम्पल की लेक्टोमीटर रीडिंग 28 है । जबकि सैम्पलिंग का तापमान 68^0F था तो दूध का आ.ध. ज्ञात करें । (A.LA)

प्रश्न 3— लेक्टोमीटर द्वारा दूध का आ.घ. ज्ञात करने की विधि का अधोलिखित शीर्षक के अंतर्गत वर्णन करें — (1) उपकरण एवं सामग्री, (2) प्रयोग विधि, (3) सावधानियां । (K.LA)

प्रश्न 4— आपकी शाला के समीप एक आदर्श डेयरी स्थापित की जाती है । डेयरी परामर्शदाता के रूप में आवश्यक उपकरणों का सुझाव दीजिए । (S.LA)

प्रश्न 5— अपने जिले के लिए आदर्श शासकीय डेयरी की योजना प्रस्तुत कीजिए ।(S.LA)

प्रश्न 6— गर्बर ब्यूटायरोमीटर विधि से दूध की वसा का परिक्षण करते समय कौन—कौन सी संभावित त्रुटियां हो सकती हैं ? त्रुटियों का विवरण देते हुये उनके निराकरण के उपाय भी सुझाइये । (S.LA)

प्रश्न 7— गर्बर विधि से दूध की प्रतिशत मात्रा ज्ञात करने के सिद्धान्त को एक उदाहरण द्वारा समझाईये । (U.LA)

प्रश्न 8— लैक्टोमीटर द्वारा दूध का आपेक्षिक घनत्व ज्ञात करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कीजिए। (S/A.LA)

प्रश्न 9— क्रीम सेपरेटर का एक स्वच्छ एवं नामांकित रेखाचित्र खींचिए तथा सेपरेटर के आन्तरिक अंगों को भी एक रेखाचित्र के माध्यम से प्रदर्शित कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 10— क्रीम सेपरेटर के समस्त आवश्यक अंगों की सूची बनाईये । (K.LA)

प्रश्न 11— क्रीम सेपरेटर में स्थित बाउल एवं उसकी आन्तरिक युक्तियों के नाम लिखकर प्रत्येक का वर्णन विस्तार से कीजिए । (K.LA)

प्रश्न 12— क्रीम सेपरेटर के उपयोग में ध्यान में रखने वाली किन्हीं दस बातों का उल्लेख कीजिए । (K.LA)

प्रश्न 13— लैक्टोमीटर द्वारा दूध का आपेक्षिक घनत्व ज्ञात करते समय कौन—कौन सी प्रक्रियाओं का संचालन किया जाता है ? क्रमानुसार संचालन प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । (K.LA)

प्रश्न 14— ब्यूटायरोमीटर द्वारा वसा परीक्षण में प्रयुक्त समस्त उपकरणों का विवरण लिखिए । (K.LA)

——00——

इकाई – 04

डेयरी उपकरण

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

प्रश्न 1– बटरचर्नर को परिभाषित करें । (U.VSA)

प्रश्न 2– रोटेटिंग चर्नर क्या है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 3– चर्न के उपयोग में ध्यान देने योग्य दो बातें लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 4– मक्खन क्या है ? परिभाषा दीजिऐ । (K.VSA)

प्रश्न 5– बटर चर्नर के प्रकारों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 6– बटर चर्नर के आवश्यक अंगों के नामो का उल्लेख कीजिए । (K.VSA)

प्रश्न 7– बटर चर्नर के संचालन की प्रक्रिया संक्षेप में समझाईये । (U.VSA)

प्रश्न 8– मक्खन की वर्किंग करते समय ''ब्रेकिंग प्वाईन्ट'' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।(U.VSA)

प्रश्न 9– मक्खन की वर्किंग की प्रक्रिया को संक्षेप में प्रदर्शित कीजिए । (S.VSA)

प्रश्न 10– बटर चर्नर की कार्यप्रणाली को समझाईये । (U.VSA)

प्रश्न 11– बटर चर्नर के किन्हीं तीन प्रकारों का वर्णन कीजिए । (K.VSA)

प्रश्न 12– बटर चर्नर में कार्य करते समय रखी जाने वाली किन्हीं तीन सावधानियों को समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 13– बटर वर्कर लकड़ी का ही क्यों बना होता है ? कारण समझाईये । (U.VSA)

प्रश्न 14– मक्खन बनाने में बटर चर्नर का उपयोग किस प्रायोजन हेतु किया जाता है ? स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 15– बटर चर्नर के संचालन में आप कौन–कौन सी बातें ध्यान में रखेंगे ? विवरण दीजिए। (S.VSA)

प्रश्न 16– बटर चर्नर एवं बटर वर्कर की हमारे दैनिक जीवन में क्या उपयोगिता है ? तर्क द्वारा स्पष्ट कीजिए । (A.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 3)

प्रश्न 1– बटर वर्कर का सिद्धांत लिखिये । (U.SA)

प्रश्न 2– बटर चर्नर की संचालन विधि का वर्णन संक्षेप में लिखिए । (A/S.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 4)

प्रश्न 1– बटर वर्कर की कार्य प्रणाली समझाईये । (U.SA)

प्रश्न 2– बटर वर्कर एवं बटर चर्नर में किन्हीं दो बिन्दुओं में अन्तर बतलाते हुए विस्तार से समझाईये । (U.SA)

प्रश्न 3– किसी एक प्रकार के बटर चर्नर का स्वच्छ एवं नामांकित रेखाचित्र खींचिए एवं अंगों के नामों की एक सूची बनाईये । (U.SA)

प्रश्न 4– आपको दुग्ध क्रीम दी गयी है । किन उपकरणों द्वारा मक्खन तैयार करेंगे, और कैसे ? संक्षेप में कार्यप्रणाली का विवरण दीजिए । (S.SA)

प्रश्न 5– बटर चर्नर में कार्यकरते समय सावधानी न रखने पर तैयार मक्खन में कौन–कौन से दोष उत्पन्न हो सकते हैं ? विवरण दीजिये तथा दोनों के निवारण के उपाय समझाइये । (U/A.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1– चर्नर के विभिन्न प्रकारों को उल्लेखित करें एवं प्रत्येक को विस्तार से वर्णित करें । (K.LA)

प्रश्न 2– बटर चर्नर के समस्त प्रकारों का वर्णन कीजिये । (K.LA)

प्रश्न 3– बटर चर्नर एवं बटर वर्कर में अन्तर स्पष्ट कीजिए एवं विस्तार से दोनों की कार्यप्रणाली की तुलना कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 4– बटर चर्नर एवं बटर वर्कर का प्रयोग करते हुये क्रीम से मक्खन तैयार किया जाना है । प्रक्रिया का क्रमानुसार प्रदर्शन कीजिए । (A/S.LA)

––00––

इकाई – 05

डेयरी उत्पाद, वर्गीकरण, उच्च वसीय उत्पाद, परिभाषा, संगठन, बनाने की विधि व भण्डारण

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

प्रश्न 1– दूध को क्रीम से पृथक करने में कौन सा बल लगता है ? बल का नाम लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 2– घी की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु कौन सा रसायन उपयोगी है ? रसायन का नाम लिखिए। (U.VSA)

प्रश्न 3– घी में वसा व जल की मात्रा लिखें । (K.VSA)

प्रश्न 4– पशु नस्ल व पशु व्यांत का घी के संगठन पर क्या प्रभाव प्रड़ता है ? संक्षेप में समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 5– मक्खन (Butter) का संगठन लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 6– क्रीम पकाने के दो उद्देश्य लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 7– क्रीम में पायी जाने वाली केसीन की प्रतिशत मात्रा लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 8– देशी विधि से मक्खन बनाने की दो हानियां लिखें । (U.VSA)

प्रश्न 9– घी में विशेष सुवास क्यों होता है ? कारण स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 10– उच्च वसीय डेयरी उत्पादों के दो नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 11– किन्हीं दो उच्च वसीय दुग्ध उत्पादों के नाम एवं वसा की मात्रा लिखिए ।(K.VSA)

प्रश्न 12– क्रीम की परिभाषा लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 13– क्रीम बनाने की विधियों के नाम लिखिए । (कोई चार) (K.VSA)

प्रश्न 14– क्रीम के प्रकारों का वर्गीकरण कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 15– मक्खन में ओवर रन से क्या अर्थ है ? लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 16– स्किम्ड मिल्क क्या है ? स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 17– आप घर में कौन सी विधि से घी बनाना उचित समझेंगे । लिखिए । (A.VSA)

प्रश्न 18– आपको कम समय में अधिक मात्रा में क्रीम तैयार करना है ? कौन सी विधि का प्रयोग करेंगे । (A/S.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 3)

प्रश्न 1— क्रीम बनाने की गुरूत्वाकर्षण विधि का वर्णन संक्षेप में कीजिए । (K.SA)

प्रश्न 2— क्रीम का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 3— मक्खन बनाने की वैज्ञानिक विधि वैज्ञानिक क्यों है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 4— घी की डिब्बाबंदी एवं इसके भंडारण की तकनीक अति संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । (S.SA)

प्रश्न 5— मक्खन में नमक मिलाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए । (U.SA)

प्रश्न 6— घी में पाये जाने वाले विभिन्न अम्लों के नाम लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 7— क्रीम बनाने की अपकेन्द्रीय विधि समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 8— मक्खन का औसत संगठन लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 9— क्रीम बनाने की अपकेन्द्रीय विधि का सिद्धांत लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 10— घी की परिभाषा लिखकर, घी के महत्व लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 11— घी के नवीनीकरण को समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 12— मक्खन से घी बनाने की विधि एवं क्रीम से घी बनाने की विधि की तुलना कीजिए। (U.SA)

प्रश्न 13— घी में अच्छी सुवास एवं स्वाद उत्पन्न करने के लिए आप क्रीम में कौन सी क्रिया करेंगे । (A/S.SA)

प्रश्न 14— घी अधिक दिनों से बना रखा है, जिससे उसमें अरूचिकर दुर्गन्ध एवं स्वाद उत्पन्न हो गया है । घी को पुनः ताजा करने के लिए आप क्या करेंगे । (A/S.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 4)

प्रश्न 1— मक्खन से घी बनाने की विधि का चरणबद्ध वर्णन कीजिए । (K.SA)

प्रश्न 2— अभिकेन्द्रीय विधि से क्रीम निकालने की विधि में ध्यान रखने योग्य चार बातों को स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 3— घी बनाने की वैज्ञानिक विधि को सारांश में समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 4— घी बनाते समय कौन—कौन सी बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए । (S.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1– घी के संघठन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की विवेचना कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 2– क्रीम पकाने की प्रक्रिया रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 3– क्रीम एवं मक्खन से घी बनाने की विधि में पांच अंतर लिखिये । (U.LA)

प्रश्न 4– घी बनाने की उस विधि का उल्लेख कीजिए जिसमें घी एक विशेष प्रकार के बर्तन में बनाया जाता है । (U.LA)

प्रश्न 5– मक्खन से घी बनाने की विधि को फ्लो–चार्ट द्वारा दर्शाइये । (S.LA)

प्रश्न 6– घी बनाने की पूर्व स्तरण विधि को सर्वोत्तम क्यों माना जाता है ? अपना तर्क दीजिए। (S.LA)

––00––

इकाई – 06
संघनित व हिमीकृत डेयरी उत्पादों का अध्ययन

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

प्रश्न 1– संघनित दूध संग्रहण का तापमान लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 2– दूग्ध चूर्ण को परिभाषित करें । (U.VSA)

प्रश्न 3– वाष्पित दूध क्या है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 4– शून्यक पात्र क्या है ? स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 5– दूध के मानकीकरण की प्रक्रिया के चरणों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 6– संघनित दूध का संगठन लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 7– मीठे संघनित दूध में शक्कर की कितनी मात्रा होती है ? लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 8– कुल्फी को परिभाषित कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 9– शुष्क दूध की घुलनशीलता कितनी होती है ? उल्लेख कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 10– दूग्ध चूर्ण क्या है ? स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 11– संघनित दूध की परिभाषा लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 12– मीठे संघनित दूध का संघटन बताइए । (K.VSA)

प्रश्न 13– दुग्ध चूर्ण क्या है ? (K.VSA)

प्रश्न 14– आइसक्रीम के गुणों को प्रभावित करने वाले कारक लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 15– आइसक्रीम बनाने की सीमाएं लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 16– हिमीकृत डेयरी उत्पादों की विपणन की दो समस्याओं पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । (A.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 3)

प्रश्न 1– संघनित दूध रबड़ी से किस तरह भिन्न है ? अन्तर स्पष्ट कीजिए । (कोई तीन) (U.SA)

प्रश्न 2– आइसक्रीम व कुल्फी में लक्षणों के आधार पर विभेद कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 3– आइसक्रीम का पाश्चुराइजेशन कैसे करेंगे । प्रक्रिया का प्रदर्शन कीजिए । (S.SA)

प्रश्न 4– आइसक्रीम में प्रयुक्त विभिन्न अवयवों के नाम लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 5– दूध से घी बनाते समय संबंधित आवश्यक बेक्टीरिया का नाम, तापमान व

सावधानियां लिखिए । (U.SA)

प्रश्न 6— आइसक्रीम के दोष लिखिये । (कोई 3) (K.SA)

प्रश्न 7— भारतीय मानक के अनुसार श्रीखंड का संगठन क्या होना चाहिये ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 8— स्वयं के घर में पौष्टिक सुलभ एवं स्वादिष्ट कुल्फी आप किस प्रकार तैयार करेंगे ? प्रक्रिया का प्रदर्शन कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 9— आइसक्रीम में ओवर रन क्या है ? (K.SA)

प्रश्न 10— समांगीकरण क्या है ? (K.SA)

प्रश्न 11— सप्रेटा दूध के प्रयोग एवं महत्व पर टिप्पणी कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 12— संघनित दूध से आप क्या समझते हैं ? यह रबड़ी से किस प्रकार भिन्न है ? (U.SA)

प्रश्न 13— संघनित वाष्पित दूध बनाने की विधि का वर्णन कीजिए । (A.SA)

प्रश्न 14— पिस्ता—मलाई आइसक्रीम की सामग्री व बनाने की विधि का वर्णन कीजिए ।(A.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 4)

प्रश्न 1— श्रीखण्ड क्या है ? इसका संघटन लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 2— हिमीकृत डेयरी उत्पादों के कोई चार नाम लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 3— खोआ एवं वाष्पीकृत दूध में चार अन्तर लिखिए । (U.SA)

प्रश्न 4— सुदूर क्षेत्रों के लिए दुग्ध चूर्ण क्यों महत्वपूर्ण है ? (U.SA)

प्रश्न 5— हिमीकृत डेयरी उत्पादों के भंडारण की समस्या पर टिप्पणी लिखिए । (U.SA)

प्रश्न 6— कुल्फी बनाने की सामग्री एवं विधि लिखिए । (A.SA)

प्रश्न 7— आइसक्रीम की खाद्य महत्ता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । (A.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1— श्रीखंड निर्माण विधि को क्रमदर्शी आरेख द्वारा समझाइये । (S.LA)

प्रश्न 2— साफ्टी के मानक गुण व भण्डारण को समझाइये । (U.LA)

प्रश्न 3— आइसक्रीम के गुणों को प्रभावित करने वाले समस्त कारकों को उल्लेखित कीजिए एवं किन्हीं दो कारकों के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए । (K/U.LA)

प्रश्न 4— आइसक्रीम में ओवर रन से क्या तात्पर्य है ? ओवर रन प्रतिशत ज्ञात करने का सूत्र लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 5— आइसक्रीम के लिये आवश्यक सामग्री एवं मात्रा लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 6– घान फ्रीजर (Batch Freezer) का सिद्धान्त लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 7– आइसक्रीम में चीनी मिलाने की क्या सीमाएं हैं ? (U.LA)

प्रश्न 8– आइसक्रीम के गुणों को प्रभावित करने वाले कोई पांच कारक लिखिए । (U.LA)

प्रश्न 9– सम्पूर्ण दूध से तैयार शुष्क दूध पावडर के मानक एवं उसके बनाने का फ्लोचार्ट दीजिए । (A.LA)

प्रश्न 10– कुल्फी बनाने की लाइन विधि लिखिए । (A.LA)

––00––

इकाई – 07–08

मत्स्य पालन, आहार, प्रजनन

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)

प्रश्न 1– एक साधारण मछली कितने अंडे देती है ? (U.VSA)

प्रश्न 2– मछली में प्रोटीन की मात्रा बताइये । (K.VSA)

प्रश्न 3– मछली तालाब में उपस्थित कौन–कौन से प्लवकों को चाव से खाती है ? समझाइये। (U.VSA)

प्रश्न 4– ब्रीडिंग हाफा क्या है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 5– निषेचन के पश्चात् मछली के बच्चे निकलने में सामान्यतः कितना समय लगता है? विवरण दीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 6– मछली का पोषक मान लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 7– वायुश्वासी दो मछलियों के नाम लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 8– जीरा व अंगुलिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले दो कीटों के नाम लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 9– अनावश्यक मछली से होने वाली दो हानियॉ लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 10– एक हैक्टेयर जल क्षेत्र में उत्पादित मछली का वजन बताइये । (S.VSA)

प्रश्न 11– जल की सतह पर पाई जाने वाली मछलियों की दो प्रजातियों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 12– रोहू जल की कौन सी सतह पर पाई जाती है, एक वर्ष में रोहू का वजन बताइये । (K.VSA)

प्रश्न 13– मछलियों के कृत्रिम आहार से आप क्या समझते हैं ? (U.VSA)

प्रश्न 14– कृत्रिम आहार एवं प्राकृतिक आहार में तुलना उदाहरण सहित कीजिए ।(U.VSA)

प्रश्न 15– मछली पालन का अर्थ स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 16– मानव आहार में प्रोटीन की प्रतिपूर्ति में मत्स्य पालन की उपयोगिता संक्षेप में लिखिए। (A.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक)

प्रश्न 1– तीन देशी कार्प व तीन विदेशी कार्प मछलियों के उदाहरण दें । (U.SA)

प्रश्न 2– मत्स्य पालन के (तीन) महत्व लिखें । (K.SA)

प्रश्न 3– रोगग्रस्त मछलियों के (तीन) लक्षणों को स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 4– प्रेरित प्रजनन क्या है समझाइये तथा इसके लाभ भी बताईये । (U.SA)

प्रश्न 5– धान सह मत्स्य पालन को समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 6– मिश्रित मछली पालन में मछली निकासी में ध्यान देने योग्य प्रमुख तीन / चार बातें लिखिये ।

प्रश्न 7– मछलियों के परिपूरक आहार को वर्णित कीजिए । (K.SA)

प्रश्न 8– मछली पालन द्वारा उर्जा स्थानांतरण कैसे होता है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 9– कतला मछली की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 10– एक लाख जीरों वाले तालाब हेतु संतुलित आहार की मात्रा लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 11– मछलियों को परिपूरक आहार देना क्यों आवश्यक है ? (U.SA)

प्रश्न 12– परिपूरक आहार में कौन–कौन से गुण होने चाहिए ? (U.SA)

प्रश्न 13– बेरोजगारी दूर करने में मछली पालन किस प्रकार उपयोगी है ? (A.SA)

प्रश्न 14– मत्स्य पालन, फसल उत्पादन से किस प्रकार अधिक लाभप्रद उद्यम है ? अपने विचार लिखिए । (A.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न 1– मत्स्य पालन की प्रमुख समस्याओं को दूर करने में वैज्ञानिक खोजों का योगदान प्रतिपादित कीजिए । (A.SA)

प्रश्न 2– रोहू मछली का चित्र बनाकर उसकी जल में सतहगत स्थिति लिखिए । (S.SA)

प्रश्न 3– मत्स्य पालन में प्रजनन के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रजनन प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए । (U.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1– मछली संरक्षण को स्पष्ट कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 2– मछलियों के प्रजनन की विधि का वर्णन विस्तार से कीजिए । (K/S.LA)

प्रश्न 3– मछली पालने में नुकसान पहुंचाने वाले कीटों का उन्मूलन कैसे किया जाता है ? (K.LA)

प्रश्न 4– मत्स्य पालन के पांच उद्देश्य लिखिये । (K.LA)

प्रश्न 5– कुपोषण दूर करने में मत्स्य पालन किस प्रकार अपना योगदान दे सकती है ? तर्क दीजिए । (A.LA)

प्रश्न 6– दो एकड़ के तालाब में मत्स्य पालन हेतु कार्य योजना बनाइये । (A/S.LA)

प्रश्न 7– मिश्रित मछली पालन में मछली की निकासी किस प्रकार करेंगे ? (U/A.LA)

––00––

इकाई – 09
कुक्कट प्रबंध, आवास एवं आहार

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)

प्रश्न 1– अंडे का औसत भार व घटक लिखिऐ । (K.VSA)

प्रश्न 2– इन्क्यूबेटर क्या है ? परिभाषा दीजिए । (K.VSA)

प्रश्न 3– चूजा उत्पादन योग्य अंडो के दो वांछनीय लक्षण लिखिये । (U.VSA)

प्रश्न 4– ब्रूडर के दो व्यवहारिक उपयोग लिखिए । (A.VSA)

प्रश्न 5– कुड़क मुर्गी से क्या तात्पर्य है ? अर्थ स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 6– अंडे के वाह्‌य खोल के दो प्रमुख कार्य लिखिये । (K.VSA)

प्रश्न 7– अंडो के भार का अण्डज उत्पत्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइये ।(U.VSA)

प्रश्न 8– मुर्गी घर में कृत्रिम रोशनी का दो महत्व समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 9– एक 60 फुट लंबी व 20 फुट चौडी कुक्कट शाला में कितने व्हाइट लेगहार्न पक्षी रखे जा सकते हैं ? गणना द्वारा ज्ञात कर संख्या लिखिए । (A.VSA)

प्रश्न 10– लेइंग नेस्ट क्या है ? स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 11– अंडे ''सेने'' की विधियों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 12– इन्क्युबेटर के प्रकार लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 13– आदर्श कुक्कुट शाला के दो गुण लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 14– डीप लीटर पद्धति से होने वाले दो लाभ लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 15– गहरी विछाली से संबन्धित कोई दो सावधानियों को समझाइए । (U.VSA)

प्रश्न 16– अच्छे फीडर के कोई दो गुण समझाइए । (U.VSA)

प्रश्न 17– मुर्गियों के आहार में विटामिन 'A' की कमी से उत्पन्न लक्षणों पर अपने विचार लिखिए । (A.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक)

प्रश्न 1– कुक्कटों के लिये मुर्गीघर में अपर्याप्त स्थान होने से कौन–कौन सी हानियां हो सकती हैं ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 2– केल्सियम की कमी से मुर्गियों पर क्या प्रभाव होता है ? (U.SA)

प्रश्न 3– मुर्गियों को ग्रिट खिलाने का क्या उद्देश्य है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 4– माँस के लिए पाले जाने वाले चूजे के राशन की विशेषताएं क्या होंगी ? किन्ही तीन विशेषताओं को समझाईये । (U.SA)

प्रश्न 5– मुर्गीयों में क्रेजी चिक क्या है ? क्यों होता है ? (U.SA)

प्रश्न 6– स्वस्थ मुर्गीयों के लिए संतुलित आहार का चार्ट बनाइये । (S.SA)

प्रश्न 7– मुर्गीयों के आहार में ध्यान देने योग्य बातें लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 8– संतुलित आहार का संगठन लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 9– मुर्गीघर में प्रयुक्त होने वाले दो उपकरणों के नामांकित रेखाचित्र बनाइए । (S.SA)

प्रश्न 10– मुर्गी आहार में कार्बोहाइड्रेट की कमी के तीन लक्षण लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 11– 20' x 40' आकार के मुर्गीशाला में कितने कड़कनाथ पक्षी रखे जा सकते हैं ? (K.SA)

प्रश्न 12– इन्क्युबेटर में अण्डे किस प्रकार रखने चाहिए ? संक्षेप में लिखिए । (U.SA)

प्रश्न 13– मुर्गीघर में तापक्रम एवं आर्द्रता का क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 14– 100 व्हाइट लेग हार्न मुर्गियों के लिये आवास की उत्तम विधि पर प्रकाश डालिए। (A.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न 1– कैल्शियम की कमी का मुर्गियों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 2– ऊर्जा व प्रोटीन प्रदान करने वाले दो–दो अवयवों के नाम लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 3– मुर्गियों को कंकड़ क्यों खिलाया जाता है ? स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 4– मुर्गियों के संतुलित आहार से क्या समझते हैं ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 5– रोजगार की उपलब्धता में मुर्गीपालन किस प्रकार सहायक है ? अपने विचार लिखिए । (A.SA)

प्रश्न 6– ब्रूडर के प्रकार बताइए और किसी एक का वर्णन कीजिए । (A.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1— मुर्गीयों के आहार मे विभिन्न खनिज पदार्थो के विशिष्ट कार्य लिखिये । (K.LA)

प्रश्न 2— मुर्गीयों के आहार में निम्नलिखित के कार्य लिखिये :—

(1) वसा (2) प्रोटीन, (3) पानी (K.LA)

प्रश्न 3— मुर्गीयों में विटामिन (A, B, C, D एवं E) के कार्यो को समझाइये । (U.LA)

प्रश्न 4— एक अच्छी/ आदर्श कुक्कट शाला के गुणों की विवेचना कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 5— कम अण्डे देने वाली मुर्गियों की पाँच पहचान लिखिए । (K.LA)

प्रश्न 6— मुर्गीघर के लिए धूप का क्या महत्व है ? स्पष्ट कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 7— भारत में हरित क्रांति की तरह मुर्गी पालन में भी क्रांति की आवश्यकता है । प्रकाश डालिए । (U.LA)

प्रश्न 8— चूजों के लालन पालन को संक्षेप में समझाइए । (U.LA)

प्रश्न 9— इन्क्युबेटर में अंडे किस प्रकार रखने चाहिए । संक्षेप में लिखिए । (U.LA)

प्रश्न 10— हैचिंग के लिए आप कैसे अण्डे चुनेंगे ? प्रकाश डालिए । (A.LA)

प्रश्न 11— मुर्गीघर के लिए कौन सी विधि अच्छी है ? इस पर अपने विचार दीजिए ।(A.LA)

——00——

इकाई – 10

मुर्गियों के रोग एवं चिकित्सा तथा प्रमुख रोगों का अध्ययन

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

प्रश्न 1– मुर्गियों को रोगों से बचाने के दो सामान्य उपायों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 2– मुर्गियों में दाना–पानी से फैलने वाली बीमारियॉ कौन सी है ? दो नाम लिखिए । (U.VSA)

प्रश्न 3– स्वस्थ कुक्कट के दो लक्षणों को समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 4– बीमार मुर्गी को झुंड से पृथक नहीं करने पर क्या होगा ? मुर्गियों पर पड़ने वाले दो प्रभावों का अनुमान लगाईये । (A.VSA)

प्रश्न 5– चिरकालिक श्वसन रोग क्या है ? समझाइये । (U.VSA)

प्रश्न 6– मुर्गियों में वाइरस से होने वाली दो बीमारियों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 7– परजीवी रोग क्या है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 8– कुक्कुटों में रोग फैलाने वाले चार स्त्रोतों के नाम लिखिए । (K.VSA)

प्रश्न 9– रानीखेत बीमारी की शुरूआत कैसे हुई ? घटना की जानकारी दीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 10– मुर्गी पालन में इन्क्यूबेटर की क्या भूमिका है ? स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 11– कितने दिनों में अण्डे से चूजा प्राप्त होता है ? (K.VSA)

प्रश्न 12– अण्डे के प्रमुख घटक कौन–कौन से हैं ? सूची बनाइये । (U.VSA)

प्रश्न 13– कुड़क मुर्गी से क्या अभिप्राय है ? अर्थ स्पष्ट कीजिए । (U.VSA)

प्रश्न 14– अधिक अण्डे देने वाली मुर्गी को आप देखकर कैसे पहचानेंगे ? (A.VSA)

प्रश्न 15– स्वस्थ्य चूजे प्राप्त करने के लिए आप किस विधि का प्रयोग करेंगे ? (S.VSA)

प्रश्न 16– ग्रामीण मुर्गीपालकों को ब्रूडर तथा इन्क्यूबेटर किस प्रकार सहायता पहुंचा सकता है। अपना अभिमत दीजिए । (S.VSA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 3)

प्रश्न 1– कुक्कटों रोग निरोधक, उपायों के सुझाव दीजिए । (U.SA)

प्रश्न 2– रोगी कुक्कट के तीन लक्षण लिखिए । (K.SA)

प्रश्न 3– अधिक सर्दी का कुक्कट पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? समझाइये । (U.SA)

प्रश्न 4– कुक्कट के विछावन से बीमारी कैसे फैलती है ? (U.SA)

प्रश्न 5– मुर्गीयों में संक्रामक व असंक्रामक रोगों में अंतर स्पष्ट कीजिए । (कोई 3) (U.SA)

प्रश्न 6– रानी खेत बीमारी के तीन लक्षण लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 7– रोग नियंत्रण के तीन सिद्धान्त लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 8– मुर्गियों को रोग में दी जाने वाली सामान्य दवाओं के (छः/आठ) नाम लिखिये । (K.SA)

प्रश्न 8– अण्डे का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइये । (S.SA)

प्रश्न 9– चूजा उत्पादन हेतु किस प्रकार के अण्डों का चुनाव किया जाना चाहिए । (A.SA)

प्रश्न 10– कृत्रिम विधि से चूजे पालने से क्या फायदे हैं ? स्पष्ट कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 11– मुर्गी पालन की स्वतंत्र विचरण प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों में क्यों अधिक प्रचलित है ? अभिमत दीजिए । (A.SA)

प्रश्न 12– बढ़ती जन संख्या और सिकुड़ते क्षेत्रफल में पिंजरा प्रणाली की भूमिका को रेखांकित कीजिए । (A/S.SA)

प्रश्न 13– ''शाकाहार स्वस्थ्य आहार'' के प्रकाश में मुर्गीपालन की भूमिका की विवेचना कीजिए। (S.SA)

लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 4)

प्रश्न 1– 60 x 20 फीट आकार की मुर्गीशाला में कितने व्हाईट लैगहार्न पक्षी रखे जा सकते हैं ? (A.SA)

प्रश्न 2– मुर्गी घर में धूप का क्या महत्व है ? विस्तृत व्याख्या कीजिए । (U.SA)

प्रश्न 3– एक आदर्श मुर्गीघर की योजना बनाइये । (S.SA)

प्रश्न 4– ''डीप लिटर प्रणाली'' स्वास्थ्य के साथ आर्थिक दृष्टि से भी लाभप्रद है, कैसे ? समझाइये । (S.SA)

प्रश्न 5– मुर्गी शाला के उपकरणों को चित्रित कीजिए । (S.SA)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अंक 5)

प्रश्न 1– चूजों में पुलोरम रोग के लक्षण व नियंत्रण के उपाय लिखिये । (K.LA)

प्रश्न 2– कुक्कट रोगों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए । (U.LA)

प्रश्न 3– चिरकालिक श्वसन रोग के कारण एवं बचाने के उपायें को समझाईये । (U.LA)

प्रश्न 4– मुर्गी आहार में खनिज लवणों के कार्यो एवं उनकी कमी से होने वाले रोगों का वर्णन कीजिए । (K.LA)

प्रश्न 5– आप मुर्गी घर के प्रबंधक है, मुर्गियों को रोग से बचाव के लिए क्या उपाय करेंगे ? (A/S.LA)

प्रश्न 6– 'जमीन पर रक्तयुक्त बीटें पायी जाना' किस रोग का प्रमुख लक्षण है ? उक्त लक्षणों के रोकथाम, बचाव एवं चिकित्सा उपाय लिखिए । (U/A.LA)

प्रश्न 7– 20 प्रौढ़ व्हाईट लैग हार्न मुर्गियों के लिए एक माह का संतुलित आहार निर्धारित कीजिए, जिसमें मूँगफली खली, मक्का की मात्रा, हड्डी का चूरा एवं नमक की मात्रा ज्ञात कीजिए । (A/S.LA)

प्रश्न 8– रानीखेत रोग के लक्षणों के रोकथाम के उपाय सुझाइये । (A.LA)

––00––

विषय– पशु पालन, दुग्ध व्यवसाय मुर्गी एवं मत्स्य पालन
वस्तुनिष्ठ प्रश्न

निम्न प्रश्नों का एक शब्द में उत्तर दीजिए –

1. जो आहार केवल पशु को जीवित रखने के लिए दिया जाता है उसे कहते हैं ?
   उ. संतुलित आहार
2. पशुओं की 24 घंटे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जो आहार देते है, कहलाता है ? उ. राशन
3. पशु को शरीर रक्षा के लिए दिया जाने वाला आहार कहलाता है ?
   उ. निर्वाह आहार
4. 100kg शरीर भार पर गाय को शुष्क पदार्थ दिया जाता है ? उ. 2.5 कि.ग्रा.
5. 100kg शरीर भार पर भैंस को शुष्क पदार्थ दिया जाता है ? उ. 3 कि.ग्रा.

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

6. .... ग्राम नमक 100kg शरीर भार पर प्रतिदिन प्रति पशु दिया जाता है ।
   उ. 10 ग्राम
7. .... ग्राम दाना गाय को जीवन निर्वाह के लिए देते हैं । उ. 1 कि.ग्रा.
8. विटामिन .... एवं .... जल में घुलनशील है । उ. B एवं C
9. सुखे चारे में .... प्रतिशत शुष्क प्रदार्थ होता है । उ. 90%
10. हरे चारे में .... प्रतिशत शुष्क पदार्थ होता है । उ. 25 से 30%
11. अच्छी साइलेज का pH .... होता है । उ. 4.5
12. साइलेज हेतु सर्वोत्तम फसल .... है । उ. मक्का
13. घास की सूखी अवस्था को .... कहते हैं । उ. हे

उचित संबंध जोड़िए –

		अ		ब
14.	(A)	फूलते समय काटते हैं	(1)	प्रोटीन
	(B)	सुँअर	(2)	हे की फसल
	(C)	2.5 लीटर दूध	(3)	मक्का
	(D)	जिया मेज़	(4)	1 कि.ग्रा. दाना
	(E)	मूँगफली खली	(5)	जुगाली नहीं करने वाला

उत्तर– A - 2, B - 5, C - 4, D - 3, E - 1

बहु विकल्पी प्रश्न

15. मोटे चारे में तन्तुमय पदार्थ का प्रतिशत होता है –

(A) 18% से अधिक (B) 15% से अधिक

(C) 10% से अधिक (D) 5% से अधिक

उ. (A) 18% से अधिक

16. वसा में घुलनशील विटामिन है –

(A) विटामिन A (B) विटामिन B

(C) विटामिन C (D) कोई नहीं

उ. (A) विटामिन A

17. बरसीम बोने का उपयुक्त समय–

(A) फरवरी (B) जून

(C) सितंबर अंतिम (D) नवंबर

उ. (C) सितंबर अंतिम

18. पूसा जायंट बरसीम की किस्म है । सत्य / असत्य उ. सत्य

19. गंगा–5 चारे की फसल है । सत्य / असत्य उ. सत्य

20. चोकर में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है । सत्य / असत्य उ. असत्य

निम्न प्रश्नों का एक शब्द में उत्तर दीजिए –

21. अदरक की सुखी अवस्था को कहते हैं । उ. सौंठ

22. दस्तावर दवा है । उ. असली तेल, नमक

23. जीवाणु दवा है । उ. पेनिसिलिन, टेरामाइसिन

24. कैथेटर का प्रयोग करते है । उ. पेशाब निकालने हेतु

25. घाव की गहराई नापने हेतु प्रयुक्त होता है । उ. प्रोब

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

26. गाय का तापक्रम .... अंग से मापते हैं । उ. गुदा

27. स्वस्थ्य गाय का तापक्रम .... होता है । उ. 101 से 102^0F

28 ट्रोकर एवं कैनुला का प्रयोग .... के लिए होता है । उ. गैस निकालने

29. गाय की नाड़ी गति .... धमनी से ज्ञात की जाती है । उ. काक्सीजिअल

30. मैक्सीलरी धमनी से .... की नाड़ी गति ज्ञात की जाती है । उ. घोड़ा

बहु विकल्पी प्रश्न

31. हीमोफीलिया तथा मिर्गी रोग है –

(A) वंशानुगत (B) जन्मजात

(C) उपार्जित (D) कोई नहीं

उ. (A) वशांनुगत

32. विषाणु जनित रोग है –

(A) F.M.D (B) एन्थ्रेक्स

(C) गलघोंटू (D) लंगड़ी

उ. (A) F.M.D

33. बेसिलस एन्थ्रेसिस रोग कारक है –

(A) F.M.D (B) एन्थ्रेक्स

(C) गलघोंटू (D) लंगड़ी

उ. (B) एन्थ्रेक्स

34. दूध में नमक की मात्रा बढ़ जाती है –

(A) थनैला रोग में (B) मिल्क फीवर में

(C) F.M.D (D) उपरोक्त तीनों

उ. (A) थनैला रोग में

35. 42 से 60 प्रति मिनट नाड़ी गति होती है –

(A) बकरी (B) भेड़

(C) गाय (D) भैंस

उ. (C) गाय

उचित संबंध जोड़िए –

	अ		ब
36. (A)	गिर	(1)	जर्सी
(B)	गंगातिरि	(2)	भदावरी
(C)	8 से 10 लीटर दूध	(3)	थारपारकर
(D)	12% वसा	(4)	भारवाही
(E)	फ्रांस	(5)	दुधारू

उत्तर– A - 5, B - 4, C - 3, D -2, E - 1

निम्न प्रश्नों का एक शब्द में उत्तर दीजिए –

37. पशु जांच की उत्तम विधि है । — उ. स्कोर कार्ड

38. गाय का मदकाल दोबारा आता है । — उ. 21 दिन बाद

29. सींग में सात छल्ले हों तो पशु की आयु होगी । — उ. नौ वर्ष

40. अस्थाई कृन्तक दंत पूर्ण विकसित हो जाते हैं । — उ. छैः माह में

41. सींग विहीन करने की क्रिया को कहते हैं । — उ. डी. हार्निंग

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

42. दुग्ध क्षरण................. हार्मोन के कारण होता है । — उ. आक्सीटोसिन

43. बर्डिजो कस्ट्रेटर का उपयोग .... के लिए होता है । — उ. बधियाकरण

44 गाय का गर्भकाल .... दिन का होता है । — उ. 280 दिन

45. गाय के ऋतुकाल का समय............ घण्टे होता है । — उ. 36

46. बछड़े को माँ से अलग रखना .... कहलाता है । — उ. विनिंग

उचित संबंध जोड़िए –

47.

	अ		ब
(A)	क्रीम सेपरेटर	(1)	दूध का आ.घ.
(B)	सेन्ट्रीफ्यूगल मशीन	(2)	वसा % ज्ञात करना
(C)	लेक्टोमीटर	(3)	मक्खन बनाना
(D)	ब्यूटायरोमीटर	(4)	1100 चक्कर प्रति मिनट
(E)	चर्नर	(5)	क्रीम

उत्तर– A - 5, B - 4, C - 1, D -2, E - 3

बहु विकल्पी प्रश्न

48. क्रीम में वसा का प्रतिशत होता है –

(A) 40% (B) 30% (C) 26% (D) 20%

उ. (C) 26%

49. मक्खन में नमक का प्रतिशत होता है –

(A) 1% (B) 2% (C) 3% (D) 4%

उ. (B) 2%

50. घी में वसा की प्रतिशत मात्रा –

(A) 90% (B) 95% (C) 99.5% (D) 100%

उ. (C) 99.5%

51. दुग्ध चूर्ण में नमी की मात्रा होती है । –

(A) 2.7% (B) 3.7% (C) 4.75% (D) 5%

उ. (C) 3.7%

52. फुहार शुष्कन विधि है –

(A) मक्खन बनाने की (B) घी बनाने की

(C) दुग्ध चुर्ण बनाने की (D) क्रीम बनाने की

उ. (C) दुग्ध चुर्ण बनाने की

53. निम्न में हिमीकृत डेयरी उत्पाद नहीं है –

(A) आइसक्रीम, (B) कुल्फी,

(C) सॉफ्टी, (D) संघनित दूध

उ. (D) संघनित दूध

54. वसा की सर्वाधिक मात्रा पाई जाती है –

(A) दूध, (B) मक्खन,

(C) क्रीम (D) आईसक्रीम

उ. (B) मक्खन

55. घी बनाने की सर्वोत्तम विधि है –

(A) देशी विधि (B) क्रीम से घी बनाने की विधि

(C) पूर्व स्तरण (D) स्कालडिंग विधि

उ. (C) पूर्व स्तरण

––00––